# लड्डू न मिलने पर दर्ज कराई शिकायत, नौधा का मामला

**सीएम हेल्पलाइन लगाने के बाद अधिकारी आए एक्शन में, अब पंचायत देगी एक किलो का डिब्बा**

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 21अगस्त।** जिले के मछंड क्षेत्र की नौधा पंचायत में एक लड्डू विवाद ने सबका ध्यान खींच लिया है। मामला इतना अनोखा और मजेदार है कि अब यह पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है।

**क्या है पूरा मामला:**
15 अगस्त को नौधा पंचायत भवन में स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम खत्म होने के बाद परंपरा के अनुसार ग्रामवासियों को लड्डू बांटे गए। इस बीच गांव के ही कमलेश कुशवाहा ने जब कर्मचारी से दो लड्डू मांगे, तो उसे सिर्फ एक लड्डू दिया गया। यही बात कमलेश को चुभ गई, और उन्होंने तुरंत सीएम हेल्पलाइन पर फोन घुमा दिया। शिकायत में लिखा गया कि




गांव में स्वतंत्रता दिवस पर झंडा वंदन तो हुआ, लेकिन ग्राम पंचायत की ओर से ग्रामीणों को लड्डू नहीं बांटे गए।

**शिकायत ने पकड़ा तूल, पंचायत आई एक्शन में:**
जैसे ही शिकायत अधिकारियों तक पहुंची, यह खबर जंगल में आग की तरह फैल गई। पंचायत सचिव रवींद्र श्रीवास्तव ने सफाई देते हुए कहा कि कार्यक्रम में मौजूद हर व्यक्ति को एक-एक लड्डू दिया गया था। जब कमलेश ने अतिरिक्त लड्डू मांगे तो कर्मचारी ने मना कर दिया। इसी पर उन्होंने शिकायत कर दी। अब पंचायत ने इस मामले को मीठे अंदाज में सुलझाने का फैसला लिया है। कमलेश को एक किलो लड्डू का डिब्बा भेंट किया जाएगा, ताकि मामला शांत हो सके।

**हेल्पलाइन की गंभीरता और हकीकत:** सीएम हेल्पलाइन का उद्देश्य लोगों की गंभीर समस्याओं – बिजली, पानी, सड़क, पेंशन, स्वास्थ्य और रोजगार जैसी जरूरतों को हल करना है। ऐसे छोटे-छोटे मामलों पर शिकायत दर्ज होने से प्रशासनिक समय और संसाधनों का नुकसान होता है। फिर भी यह घटना इस बात का संकेत है कि गांव के लोग अब अपने हक़ के लिए हर मंच का उपयोग करने से नहीं हिचकते।

**गांव में चर्चा का विषय बना लड्डू विवाद:** इस अनोखी शिकायत ने नौधा पंचायत को हंसी-मजाक का केंद्र बना दिया है। लोग सोशल मीडिया पर इसे लेकर मीम्स बना रहे हैं, जोक्स शेयर कर रहे हैं, और कुछ लोग कह रहे हैं हक का लड्डू मीठा ही होता है।

# आयुष्मान भारत निरामयम योजना को लेकर बैठक आयोजित

भिंड। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत आयुष्मान भारत निरामयम के प्रभावी और सफल क्रियान्वयन को लेकर जिला क्रियान्वयन इकाई की बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने की। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि इस योजना का उद्देश्य हर जरूरतमंद परिवार तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लाभार्थियों को योजना के सभी प्रावधानों की जानकारी देकर उन्हें अधिकतम लाभ दिलाया जाए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुनील दुबे, अधिष्ठाता चिकित्सा महाविद्यालय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.एस. यादव, सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक, जिला स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम, जिला मॉनिटरिंग एवं इवैल्यूएशन अधिकारी एनएचएम, जिला कम्युनिटी मोबिलाइजर एनएचएम सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने कहा कि योजना के अंतर्गत लाभार्थियों की पहचान, गोल्डन कार्ड निर्माण और उपचार की प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# मतदान केंद्रों को लेकर हुई बैठक, दी गई जानकारी




**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 21अगस्त।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान केंद्रों में मतदाताओं की संख्या 1500 से घटाकर 1200 किए जाने संबंधी प्रस्तावों पर चर्चा के लिए बैठक का आयोजन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया।

बैठक में कलेक्टर ने बताया कि मतदाताओं की सुविधा और मतदान प्रक्रिया को सुगम बनाने के उद्देश्य से मतदान केंद्रों का युक्तियुक्तकरण किया जा रहा है। इसके तहत प्रत्येक मतदान केंद्र पर अधिकतम 1200 मतदाता ही रखे जाएंगे। इस प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को भी आमंत्रित किया गया। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुनील दुबे, अपर कलेक्टर एल.के. पाण्डेय, अन्य वरिष्ठ अधिकारी और विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। अधिकारियों ने सभी दलों को प्रस्तावित बदलावों की जानकारी दी और सुझाव भी आमंत्रित किए। कलेक्टर ने कहा कि यह प्रक्रिया निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत पूरी तरह निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से पूरी की जाएगी।

# स्कूल के मध्यान्ह भोजन का टीम ने किया निरीक्षण, बाल और कीड़े मिलने पर फटकार



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 21अगस्त।** खण्ड श्रोत समन्वयक लहार अजय कुमार झा एवं एमडीएम प्रभारी जनपद पंचायत लहार शिवम मिश्रा ने गुरुवार को प्रधानमंत्री पोषण योजना (मध्याह्न भोजन) के अंतर्गत विद्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान शासकीय माध्यमिक विद्यालय मुरावली, शासकीय माध्यमिक विद्यालय देवरीकला, शासकीय माध्यमिक विद्यालय ईगुई एवं शासकीय प्राथमिक विद्यालय शाहपुरा नंबर-1 का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान मुरावली विद्यालय में बच्चों ने शिकायत की कि भोजन में बाल और पूरी/रोटी में कीड़े पही, पटा मिलते हैं। इस पर अधिकारियों ने संस्था प्रभारी को फटकार लगाते हुए रसोई की साफ-सफाई और भोजन की गुणवत्ता सुधारने के निर्देश दिए। इसी क्रम में देवरीकला विद्यालय में निरीक्षण के दौरान संस्था प्रभारी को गैस सिलेंडर और चूल्हा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। सभी विद्यालय प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि मध्याह्न भोजन गुणवत्ता पूर्ण, साप्ताहिक मीनू अनुसार और साफ-सफाई का ध्यान रखते हुए तैयार किया जाए। निरीक्षणकर्ता अधिकारियों ने बताया कि जांच प्रतिवेदन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लहार एवं जिला पंचायत भिंड को आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजा जाएगा।

# जुआ खेलते पांच जुआरियों को पकड़ा, 24800 रुपए नगद जब्त

**नवभारत न्यूज**
**भिंड,21अगस्त।** जिले में अपराध और अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के उद्देश्य से एसपी डॉ. असित यादव के निर्देशानुसार एवं एएसपी संजीव पाठक, सीएसपी निरंजन सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में देहात थाना पुलिस लगातार अभियान चला रही है। इसी क्रम में देहात थाना पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए पांच जुआरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया और मौके से 24,800 नगद जब्त किए। देहात थाना टीआई मुकेश शाक्य के नेतृत्व में टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि आईटीआई कॉलेज भिंड के पीछे खेतों में जुआ चल रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और पांच आरोपितों को जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके सामने बिछे फड़ से 24,800 नगद बरामद किए। जिले में अवैध शराब, अवैध हथियार, गुंडा-बदमाशों, जुआ-सट्टा और स्थायी वारंटियों के खिलाफ थाना देहात पुलिस द्वारा लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। इस कार्रवाई से पुलिस का साफ संदेश है कि जिले में किसी भी तरह की अवैध गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अभियान में निरीक्षक मुकेश शाक्य के साथ उपनिरीक्षक अजय सिंह यादव, उपनिरीक्षक विजय शिवहरे, सहायक उपनिरीक्षक वीरेन्द्र प्रसाद बरैया, आरक्षक धर्मपाल परिहार, आरक्षक राजकुमार नरवरिया, आरक्षक सरजीत परिहार, आरक्षक फिरोज खान की विशेष भूमिका रही। एसपी डॉ. असित यादव ने टीम की सराहना करते हुए कहा कि अपराध पर अंकुश लगाने के लिए इसी प्रकार की सख्त और त्वरित कार्रवाई जारी रहेगी। जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए पुलिस हर समय सतर्क है।

# भाजपा ने मनाई गौर और कल्याण सिंह की पुण्यतिथि




**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 21अगस्त।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पीडब्ल्यूडी कॉलोनी में गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल गौर और हिन्दू हृदय सम्राट कल्याण सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ दोनों नेताओं के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष नरवरिया ने कहा कि मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय बाबूलाल गौर का संपूर्ण जीवन जनता की समस्याओं के समाधान और गरीबों के कल्याण के लिए समर्पित रहा। उन्होंने गोविंदपुरा सीट से लगातार जनता का आशीर्वाद पाकर विजय हासिल की। आज उनकी अधूरी इच्छाओं को उनकी पुत्रवधू कृष्णा गौर राज्य मंत्री के रूप में पूरा कर रही हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व राज्यपाल स्वर्गीय कल्याण सिंह जी ने अपना जीवन हिंदुत्व की विचारधारा और प्रदेश के विकास को समर्पित किया। राम जन्मभूमि आंदोलन में उन्होंने कर सेवकों के सम्मान की रक्षा करते हुए अद्वितीय योगदान दिया। आज पूरे उत्तर प्रदेश में उनकी पुण्यतिथि गौरव दिवस के रूप में मनाई जा रही है। ऐसे महान नेताओं की स्मृति सदैव अमर रहे।

इस अवसर पर जिला महामंत्री मनोज अनंत, सोशल मीडिया प्रभारी मोनू नरवरिया, जिला सह प्रभारी शेखर खटीक, केके भदौरिया, रिंकू काकर सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सहरिया विकास प्राधिकरण अध्यक्ष आज शिवपुरी प्रवास पर

शिवपुरी। राज्य स्तरीय सहरिया विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त तुरसनपाल बरैया 22 अगस्त को शिवपुरी जिले के प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त तुरसनपाल बरैया 22 अगस्त को प्रात- 7 बजे पोहरी से शिवपुरी के लिए प्रस्थान करेंगे। शिवपुरी आगमन पर वे मंत्री सिंधिया से मुलाकात करेंगे तथा रात्रि विश्राम शिवपुरी रेस्ट हाउस में करेंगे।

# कार्यक्रम में गूंजा पर्यावरण संरक्षण का संदेश, कपड़े का झोला अपनाएं, पॉलिथीन को कहें ना

भिंड। पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर समाज में सकारात्मक संदेश देने के लिए भारत विकास परिषद शाखा जागृति के तत्वावधान में हेबतपुरा रोड स्थित स्वामी विवेकानंद विद्यालय में गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जन अभियान परिषद के संभाग समन्वयक धर्मेंद्र सिसोदिया ने अपने संबोधन में कहा कि हम सबको अपने स्वास्थ्य के साथ-साथ पर्यावरण का भी ध्यान रखना चाहिए। इसके लिए पॉलिथीन के उपयोग को कम करना जरूरी है। एक सर्वे में पाया गया कि पॉलीथिन अटलांटा से लेकर हिंद महासागर तक हर जगह पाई गई है, जो गंभीर चिंता का विषय है। हमें छोटे-छोटे कामों के लिए घर से कपड़े का झोला लेकर जाना चाहिए और पॉलिथीन का उपयोग कम से कम करना चाहिए।



विशिष्ट अतिथि प्रांतीय संयोजक एनीमिया मुक्त भारत एवं वरिष्ठ शल्य चिकित्सक डॉ. हिमांशु बंसल ने कहा कि भारत विकास परिषद संपर्क, सेवा, सहयोग और संस्कार के माध्यम से व्यक्तिगत जीवन को उत्कृष्ट बनाने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण पर भी गंभीर चिंतन करता है। उन्होंने बच्चों को सुझाव दिया कि अनुपयोगी पॉलिथीन को आप प्लास्टिक की खाली बोतल में भरकर रखें। जब बोतल पूरी तरह भर जाए, तो उसे हमें दें, ताकि उसका सही निस्तारण किया जा सके।

इस अवसर पर विद्यालय के मेधावी एवं अनुशासित नो छात्र-छात्राओं का सम्मान मेडल और प्रमाण पत्र देकर किया गया। साथ ही उत्कृष्ट शिक्षकों उपेंद्र मिश्रा, रामसेवक गौर, प्रबल सिंह राजावत, सुनीता शर्मा, सुमन कुशवाह, राहिल सिंह भदोरिया, पूजा शर्मा, गौरव धाकरे को फूलमाला पहनाकर एवं रोली-चंदन से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रांतीय संयोजक (बाल संस्कार) श्रवण पाठक, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉ. शिव प्रताप सिंह भदोरिया, एवं विद्यालय की संचालक उपेंद्र मिश्रा, रामनरेश गौर सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## दबोह नगर परिषद सीएमओ ने ली सफाई मित्रों की बैठक

**दबोह।** नगर परिषद दबोह के नवांगत मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीएमओ अतुल रावत ने गुरुवार को नगर परिषद कार्यालय में सफाई मित्रों की बैठक आयोजित की। इस दौरान उन्होंने सफाई व्यवस्था को नगर की पहचान बताते हुए सफाई मित्रों को शहर की असली नींव कहा। बैठक में सीएमओ रावत ने सभी सफाई मित्रों से परिचय प्राप्त किया और कार्य के दौरान आने वाली समस्याओं को विस्तार से सुना। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए कि सफाई मित्रों को कार्य के लिए आवश्यक सामग्री समय पर उपलब्ध कराई जाए। इसमें यूनिफॉर्म, जूते, झाड़ू और अन्य सुरक्षा उपकरण शामिल रहेंगे। सीएमआ ने कहा कि नगर में सफाई को केवल दायित्व नहीं बल्कि एक अभियान के रूप में चलाना होगा। किसी भी कर्मचारी की लापरवाही या बहाना स्वीकार्य नहीं होगा। सभी को अपनी जिम्मेदारी तय करनी होगी, ताकि नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके। बैठक में उन्होंने सबसे क्लीन बीट अभियान की भी घोषणा की।

# कैलाश मानसरोवर मुक्ति यात्रा 30 अगस्त को

**स्थान:राजघाट, नई दिल्ली समय दोपहर 1:30 बजे से**

**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव,21अगस्त।** बोरेश्वर धाम पर लगने वाले मौर छठ मेले की तैयारियों को लेकर तहसीलदार से चर्चा के दौरान अर्पित मुदगल ने बताया, भारत-तिब्बत सहयोग मंच के तत्वावधान में आगामी 30 अगस्त 2025 को कैलाश मानसरोवर मुक्ति यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा राजघाट से कश्मीरी गेट तक निकाली जाएगी। चीन के अवैध कब्जे से कैलाश मानसरोवर की मुक्ति हेतु राष्ट्रव्यापी जन-जागरण।



तिब्बत की स्वतंत्रता और भारत की सुरक्षा को लेकर आमजन को जागरूक करना। आगामी पीढ़ियों के लिए कैलाश-मानसरोवर तक स्वतंत्र और सुगम पहुँच सुनिश्चित करने का संकल्प लेना। यात्रा का मार्गदर्शन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक माननीय श्री इन्द्रेश जी द्वारा किया जाएगा। भारत-तिब्बत सहयोग मंच, युवा विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अर्पित एम. मुदगल ने देशभर के युवाओं और नागरिकों से आह्वान किया है कि वे इस ऐतिहासिक यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर भारत की एकजुट आवाज़ बनें। कैलाश-मानसरोवर केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक ही नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर है। इसकी मुक्ति पूरे भारत का संकल्प है। आयोजक- भारत-तिब्बत सहयोग मंच।

# पति पर अशोभनीय मैसेज भेजने का आरोप, पत्नी ने कराया केस दर्ज

**नवभारत न्यूज**
**भिंड,21अगस्त।** शहर के मीरा नगर क्षेत्र में वैवाहिक विवाद का एक नया मामला सामने आया है। 35 वर्षीय विवाहिता ने अपने पति पर अशोभनीय और अभद्र भाषा वाले मैसेज भेजने का आरोप लगाया है। महिला की शिकायत पर महिला थाना पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**7 साल से अलग रह रहे हैं दोनों:** सूत्रों के अनुसार, पीड़िता का विवाह शास्त्री कॉलोनी निवासी युवक से हुआ था। शादी के कुछ समय बाद ही दोनों के बीच अनबन और विवाद शुरू हो गए, जिसके चलते दोनों पिछले सात वर्षों से अलग-अलग रह रहे हैं।

**रिश्तेदारों को भी भेजे मैसेज:** मामले ने तब तूल पकड़ा जब पति ने बीते मंगलवार को पत्नी के साथ-साथ उसके ससुर और अन्य रिश्तेदारों को भी अभद्र संदेश भेज दिए। इन संदेशों में आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया गया, जिसे लेकर महिला ने गंभीर आपत्ति जताई।

**पत्नी ने समझौते से किया इंकार:** महिला को जब इन संदेशों की जानकारी मिली, तो उसने तुरंत महिला थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पहले दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने की कोशिश की, लेकिन महिला ने स्पष्ट कहा कि वह राजीनामा नहीं करेगी।

**पुलिस ने दर्ज की एफआईआर, जांच जारी:** महिला थाना प्रभारी क्रांति राजपूत ने बताया कि फरियादिया की शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है और मोबाइल चैट व संदेशों की भी जांच होगी।

**सोशल मीडिया और व्हाट्सएप पर सबूत जुटाए जाएंग:** पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि अशोभनीय संदेश किन-किन लोगों को भेजे गए और उनकी भाषा क्या थी। डिजिटल साक्ष्य को फॉरेंसिक जांच के लिए भी भेजा जाएगा।




# तीन छात्रों का संभाग स्तरीय अंडर-17 खेल खो-खो प्रतियोगिता में चयन

**नवभारत न्यूज**
**गोहद,21अगस्त ।** फ़र्स्ट स्टेप्स इंटरनेशनल स्कूल, सीबीएसई गोहद के लिए यह गर्व का अवसर है कि विद्यालय के तीन छात्रों का चयन संभाग स्तरीय अंडर-17 खेल खो-खो प्रतियोगिता में हुआ है। चयनित छात्रों के नाम इस प्रकार हैं – योगेन्द्र तोमर, सत्यम शर्मा और अंकित सिंह गुर्जर। इन तीनों छात्रों ने अपनी मेहनत, लगन और निरंतर अभ्यास से यह उपलब्धि अर्जित की है। विद्यालय के कोच



तसब्बर बेग सर के मार्गदर्शन में छात्रों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

विद्यालय की प्राचार्य रीना गुप्ता ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। विद्यालय के डायरेक्टर पवन गुप्ता ने भी छात्रों को शुभकामनाएँ दीं और विश्वास जताया कि आने वाले समय में ये खिलाड़ी राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर भी विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण, अभिभावक और स्थानीय नागरिकों ने भी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# शैलेंद्र गुर्जर का नीट परीक्षा -2025 पीजी में हुआ चयन



**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव,21अगस्त।** भिंड जिले के मेहंगाव तहसील के अंतर्गत आने बाले कैरौरा गांव के निवासी शैलेंद्र गुर्जर का नीट परीक्षा 2025 पीजी में चयन हुआ। NEET PG 2025 परीक्षा में 587 अंक हासिल कर आल इंडिया में 4482वी रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। शैलेंद्र गुर्जर के पिताजी गिर्राज सिंह गुर्जर शासकीय सेवा में होकर पंचायत सचिव के पद पर पदस्थ है। उनकी उपलब्धि पर क्षेत्र के प्रबुध्दजनों सहित,इस्ट मित्रो एवं शुभचिंतकों ने बधाई दी। डॉक्टर शैलेंद्र गुर्जर, गुर्जर किरण पत्रिका के संपादक सरदार सिंह गुर्जर के भांजे हैं।

# पुलिस जवान की गुंडागर्दी ! पुलिस जवान ने सरे बाजार युवक को डंडों से पीटा

**नवभारत न्यूज**
**दबोह , 21 अगस्त।** कस्बे में गुरुवार दोपहर को पुलिस कॉलोनी क्षेत्र में एक युवक के साथ पुलिस जवान द्वारा की गई मारपीट का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार एक बाहरी युवक कॉलोनी के पास पेशाब कर रहा था, इसी दौरान ड्यूटी पर तैनात पुलिस जवान ने उसे रोकने के बजाय गाली-गलौज करते हुए डंडे से मारपीट शुरू कर दी।

यही नहीं जब युवक पिटते हुए सड़क पर पहुंच गया तब भी उसे बीच बाजार में दौड़ा- दौड़ाकर पीटा गया। स्थानीय लोगों ने इस



घटना को गलत बताते हुए कहा कि कस्बे में सार्वजनिक शौचालयों की व्यवस्था न होने के कारण इस तरह की स्थिति बनती है। युवक का कहना है कि मैं उस जवान का नाम तो नहीं जानता पर सामने आने पर उसको पहचान लूंगा। युवक ने बताया कि उक्त पुलिस जवान कोम्बेट वर्दी में था। और उसने मुझे समझाया नहीं बल्कि मेरे ऊपर डंडे से हमला कर दिया।

**स्थानीय लोगों ने मारपीट की घटना को गलत बताया**
प्रत्यक्षदर्शियों एवं घटना की जानकारी लगते ही बाजार में मौजूद अन्य लोगों का कहना है कि पुलिस जवान को समझाइश देनी चाहिए थी, न कि हाथ उठाना चाहिए था। मारपीट के शिकार युवक ने बताया कि वह इस घटना को वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में मामला लाएगा और साथ ही उक्त पुलिस जवान के खिलाफ मुकदमा दर्ज भी करवाएगा ।

## अस्पताल में डॉक्टर नदारद, युवक मायूस लौटा

युवक इलाज करवाने हेतु नगर के सरकारी अस्पताल पहुंचा लेकिन डॉक्टर के अनुपस्थित पाए जाने पर वह उदास होकर वापस लौट गया।

### युवक के हाथ की नस फूली एवं खून बहने लगा

युवक ने हाथ और कमर के नीचे आए चोटों के निशान भी दिखाई। युवक की हाथ की नस फूल गई थी और खून बह रहा था। युवक ने कहा कि वह उक्त जवान के विरुद्ध वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत करेगा तथा साथ ही उस जवान के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करवाएगा। अब सवाल उठता है कि कस्बे में न तो शौचालय की सुविधा है और न ही अस्पताल में डॉक्टर । आखिर जनता जाए तो जाए कहाँ ? प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से लोग गुस्से में हैं ।

गौरतलब है कि दबोह कस्बे में लंबे समय से सार्वजनिक शौचालयों की कमी बनी हुई है। नगरपालिका प्रशासन की लापरवाही के चलते आमजन को ऐसी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, जिससे आए दिन विवाद की स्थितियां उत्पन्न होती रहती हैं।

# माटी गणेश सिद्ध गणेश को महाअभियान बनाएं

**हर इकाई विकास के लिए प्रतिबद्ध : जिला समन्वयक अभियान तभी सफल जब समाज एकजुट हो : शर्मा**



**नवभारत न्यूज**
**गोहद,21अगस्त।** प्रकृति संरक्षण हेतु माटी गणेश सिद्ध गणेश अभियान महत्वाकांक्षी अभियान है जन अभियान परिषद की समस्त इकाइयां इस अभियान को महा अभियान बनाएं। उक्त बात मप्र जन अभियान परिषद के संभाग समन्वयक धर्मेंद्र सिसोदिया ने कही। वे गोहद विकासखंड में मप्र जन अभियान परिषद के माध्यम से आयोजित इस माटी गणेश निर्माण कार्यशाला और प्रस्फुटन समितियां के सह प्रशिक्षण में बोल रहे थे। गोहद में आयोजित विकासखंड स्तरीय कार्यशाला में जिला समन्वयक शिवप्रताप सिंह भदोरिया, वरिष्ठ समाजसेवी गिर्राज तोमर, पार्षद रामलखन, माटी गणेश निर्माण हेतु प्रशिक्षक के रूप में गणेश उपाध्याय, ज्योति चौहान, एच एस गौर समस्त विकासखंड में निर्मित प्रस्फुटन समितियां, सदस्य मेंटर और अन्य समाजसेवी संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद थे। कार्यशाला का संचालन और आभार गोहद विकासखंड समन्वयक बृजेंद्र शर्मा ने किया। जिला समन्वयक डॉ शिवप्रताप सिंह ने कहा कि प्रकृति के संरक्षण में समाजसेवी संगठनों की भूमिका महत्वपूर्ण है। कोई भी अभियान तभी सफल होता है जब उसमें समाज की भागीदारी हो बिना समाज के भागीदारी की कोई भी अभियान सफल नहीं होता अतः इस अभियान में प्रत्येक व्यक्ति को जोड़ना जन अभियान परिषद का पहला काम होना चाहिए। विकासखंड समन्वयक बृजेंद्र शर्मा ने कहा कि पर्यावरण और प्रकृति संरक्षण का अभियान है माटी गणेश अभियान। इस कार्यशाला में मिट्टी से गणेश जी की मूर्ति का निर्माण किया गया और लोगों को प्रशिक्षण भी दिया गया। कार्यशाला का संचालन और आभार गोहद विकासखंड समन्वयक बृजेंद्र शर्मा ने किया।